**राजेश कुमार, भा०प्र०से०, आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल द्वारा दिनांक-27.8.2025 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, श्रीनगर तथा पंचायत सरकार भवन, गढ़िया बलुआ के कार्यालय का किये गये औचक निरीक्षण का निरीक्षण टिप्पणी :-**

**प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, श्रीनगर**

सर्वप्रथम दिनांक-27.08.2025 को पूर्वा-10:31 बजे प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, श्रीनगर के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। कार्यालय विधिवत खुले पाये गये तथा कर्मी उपस्थित थे। निरीक्षण के क्रम में अंचल अधिकारी उपस्थित थे। विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 हेतु कैम्प संचालित पाया गया। कैम्प में मो0 शहबाज आलम, उर्दू अनुवादक कुछ फार्म के साथ बैठे पाये गये। पूछने पर दावा-आपत्ति के संबंध में बताया गया कि प्राप्त आवेदन शून्य है। कैम्प में विधिवत रजिस्टर संधारित नहीं पाया गया। इस संबंध में दोनों सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्थिति स्पष्ट करेंगे। RTPS काउंटर विधिवत संचालित पाया गया। अंचल अधिकारी द्वारा बताया गया कि अंचल गार्ड नहीं है। कार्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया।

निरीक्षण के उपरांत निम्नांकित निदेश दिया जाता है:-

1. भूमि विवाद से संबंधित मामलों को प्रत्येक शनिवार को अंचल स्तर पर लगने वाले जनता दरबार में आने वाले आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन किया जाय।
2. अंचल कार्यालय में संचिकाओं/पंजियों के संधारण में गुणात्मक सुधार की आवश्यकता है।
3. लोक सेवा अधिकार अधिनियम के तहत दाखिल खारिज, एल0पी0सी0 एवं अन्य मामले में पायी गई कमियों का सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है।
4. अंचल कार्यालय में अंचल गार्ड की व्यवस्था हेतु कार्रवाई की जाए।

**पंचायत सरकार भवन, गढ़िया बलुआ:-**

पंचायत सरकार भवन, गढ़िया बलुआ, प्रखंड-श्रीनगर, पूर्णिया का पूर्वा0 10:50 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कृषि सलाहकार, सभागार, RTPS, लेखापाल सह आई0 टी0 सहायक, तकनीकि सहायक (JR), राजस्व कर्मचारी तथा लाइब्रेरी बंद पाया गया। बिजली विभाग एवं एक अन्य कमरा खुला पाया गया परंतु कमरे में कोई उपस्थित नहीं दिखें। पंचायत सरकार भवन की साफ-सफाई अच्छी नहीं पायी गयी। देखने से ऐसा प्रतीत हुआ है पंचायत सरकार भवन समय से नहीं खुलता है तथा विधिवत कार्यों का सम्पादन नहीं किया जाता है। पंचायत सरकार भवन से सटे पंचायत सचिव का आवास में ताला लगा हुआ पाया गया ।

निरीक्षण के क्रम में निम्नांकित कर्मी अनुपस्थित पाये गये:-

1. राजस्व कर्मचारी
2. श्री राजीव कुमार, पंचायत सचिव,
3. श्री रेहनाउल इस्लाम, तकनीकि सहायक,
4. श्रीमती शिल्पी कुमारी, लेखापाल-सह-आई0टी0 सहायक,
5. श्री आनंद किशोर, पंचायत कार्यपालक सहायक
6. श्री राजेन्द्र मेहता, कृषि सलाहकार,

उपरोक्त सभी कर्मियों का दिनांक-27.08.2025 का वेतन/मानदेय स्थगित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निदेशित किया जाता है कि पंचायत सरकार भवन में

एक भी कर्मी के उपस्थित नहीं रहने तथा कई कमरें में ताला बंद रहने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण जिला पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करावें।

पंचायत सरकार भवन में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के कैम्प में कसबा विधानसभा के मतदान केन्द्र सं0-112 (आदर्श मध्य विद्यालय, गढ़िया बलुआ दक्षिण भाग) के BLO श्री प्रकाश कुमार, सहायक BLO श्री राजीव कुमार झा के साथ उपस्थित पाये गये।

ह0/-
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 5387 दिनांक 28/08/25

प्रतिलिपिः- प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी, श्रीनगर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निदेशित किया जाता है कि पंचायत सरकार भवन में एक भी कर्मी के उपस्थित नहीं रहने तथा कई कमरें में ताला बंद रहने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण जिला पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करावें।

प्रतिलिपिः- अनुमंडल पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पूर्णिया सदर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः- जिला पदाधिकारी, पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।

Raje k.
28/8/2025.
आयुक्त,
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।